18) निरयन भावचलित अनुसरण करती है।

१९) २७ नक्षत्रों को २४९ में विभाजित किया है।

२०) भाव आरंभ से भाव गिना जाता है।

२१) स्थिर राशी चक्र गिना जाता है।

२२) षडबल का उपयोग नही होता है।

२३) पुर्नभू योग के सिवा अन्य कोई योग का विचार नही किया जाता।

२४)९ वे घर से पिता देखा जाता है।

२५) भाव का उपपति भावका बल निश्चित करता है, अच्छा या बुरा।

२६) नक्षत्र स्वामी और उपपति पर फल का आधार रहता है।

Difference between Vedic and KP Astrology
by : Dr. Harilal Maade

Vedic	KP
२७) भाव में बैठा ग्रह, भाव का स्वामी कारक और उस पर द्रष्टी करनेवाले ग्रहों को भाव का निर्देशक गिना जाता है।	२७) भाव के स्थित ग्रह के नक्षत्र में स्थित ग्रह, भाव में स्थित ग्रह, भाव स्वामी के नक्षत्र में स्थित ग्रह भाव का स्वामी जिया जाताहै।
२८) चोक्कस मुहुर्त के लिए पंचाग में पंचागकी भाषा का उपयोग उपरांत लग्नकुंडली, होरा. चोघडिया और दिनशुध्धि देखा जाता है।	२८) लग्न कुंडली में निर्देशको पर से मुहुर्त निकाला जाता है।
२९) भिन्न - भिन्न दशाओं, गोचर, अष्टक वर्ग, सर्वतो भद्र चक्र देखा जाता है।	२९) सिर्फ विशोत्तरी दशा और गोचर देखा जाता है।
३०) शासक ग्रह का उल्लेख नहीं है।	३०) लग्नके नक्षत्रका स्नामी, लग्नेश चंद्र का नक्षत्र स्वामी, चंद्र का राशी स्वामी व दिनपती लिया जाता है।

संकलन

डॉ. हरीलाल मालदे



अष्टक वर्ग एक अनुठा अध्ययन

ज्योतिष शास्त्र में फल कथन की दो प्रणाली है एक सामान्य पद्धति जिससे भाव में स्थित ग्रहों की स्थिति का अभ्यास करना और दूसरी विशिष्ट पद्धतियों में अष्टम वर्ग एक है। विद्धान ज्योतिषीयों की यह पहली पसंद है क्योंकि अष्टक वर्ग अपने आप में पूर्ण ज्योतिष है। यहाँ भाव का बल और उसकी गणना करते हैं। सामान्य तौर पर ज्योतिषीय गणनाओं में अष्टक वर्ग का उपयोग करने से एक सटिक और अनुभवी फल कथन नीकल कर आता है।

अष्टक वर्ग में हर स्थान के लिए बिंदुओं की संख्या नक्की की गई हुई है, यदि स्थान तय किए हुए बिंदुओं से ज्यादा बिंदु युक्त हो तो वह स्थान शुभ फल प्राप्त करता है।

सांख्य दर्शन अनुसार :

1. पंच महाभूत : पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश
2. पंच तन्मात्र : गंध, स्वाद, स्वरुप, स्पर्श, नाद (आवाज)
3. पांच ज्ञानेंद्रियों : आंख, कान, नाक, जीभ और त्वचा
4. पांच कर्मेंद्रियां : स्वर, हाथ, पैर, उत्सर्ग और वंशवृद्धि के अवयव, मन, बुद्धि, अहंकार और प्रकृति यह 24 मूल तत्व है। काल पुरुष संबंध में विकास की शुरुआत होती है जो 25वा तत्व है।

जन्म और मोक्ष, निर्वाण और समर्पण जैसे उच्च ध्येय और विकास प्राप्त करने का साधन है। इसीलिए लग्न को 25 बिंदु तत्व के अनुसार दिए गए हैं उतने ही बिंदु पांचवे स्थान को जो पूर्व पुण्य और संचित कर्मो को दर्शाता है।

ध्यैय की पूर्ति के लिए जातक तपस्या और भाग्य पर आधारित होने से, नवम स्थान से देखा जाता है और हिम्मत पराक्रम तृतीय स्थान से दोनों स्थानों को 29 बिंदु दिए गए है।

दसवां स्थान जो कर्म स्थान है जिसको 36 बिंदु देके शक्तिशाली भाव बनाया है।

छठा स्थान जो भाग्य भाव से दसवां स्थान है जो साहस और सफलता दर्शाता है इसलिए छठे स्थान को 34 बिंदु देके शक्तिशाली बनाया है।

11 स्थान जो सर्व प्रकार के लाभ को दर्शाता है उसे 54 बिंदु देके सबसे ज्यादा मजबूत बनाया है।

कुटुंब और धन - दूसरा स्थान - 22, मिलकत रिश्तेदार सुख चौथा स्थान - 24, स्नेह भागीदारी आवेग सप्तम - 19 और अष्टम स्थान - 24, से जातक को भौतिकता की तरफ ले जाते होने से यह सभी स्थानों को कम बिंदु दिए गए है।

बारवां भाव व्यय दर्शाता है इसलिए यह स्थान को सबसे कम बिंदु - 16 दिए गए हैं।

सर्वाष्टक वर्ग विभिन्न अष्टक वर्ग में प्राप्त हुए शुभ बिंदुओं का योग है। यह राशि और भाव की शक्ति और भाव के संबंधित शुभता दर्शाता है।

महान ज्योतिष आचार्य के अनुसार सामुदायाष्टक वर्ग में कोई भी भाव में 28 बिंदु युक्त हो तो शुभ फलदाई बनता है 28 से कम बिंदु युक्त स्थान फलों में कमी करता है। सब ग्रहों द्वारा प्राप्त शुभ बिंदु का योग 337 होता है जिसे 12 भाव से विभाजित करने पर 28 बिंदु प्रत्येक भाव को मिलते हैं यह गणना अनुसार 28 और उससे अधिक बिंदु वाला भाव अच्छा फल देता है। उदाहरण :

राशि	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
लग्न और ग्रह	के	-	-	श ह	-	गु प्लु	रा	सू बु शु ने मं	चं	-	-	-
सामुदाय बिंदु	31	27	26	33	29	42	23	20	21	29	32	24

जन्म लग्न, भाग्य भाव और लाभ भाव में यदि 30 से अधिक बिंदु हो तो ऐसा सुंदर स्वस्थ और भाग्यशाली होता है।

*लग्न - 31, भाग्य भाव - 21, लाभ भाव - 32

लग्न और लाभ भाव के बिंदु 30 से अधिक है परंतु भाग्य भाव में 21 बिंदु हैं, यहाँ जातक के जीवन में अधिक उतार चढाव दर्शाता है । अधिक परिश्रम के बाद लाभ दर्शाता है।

सामुदायाष्टक वर्ग लग्न, द्वितीय, चतुर्थ, नवम, दशम और एकादश स्थान के बिंदु को जोड़कर योगफल 164 या ज्यादा हो तो जातक समृद्धि को प्राप्त करता है। यहाँ आमदनी खर्चे से ज्यादा है। अगरश् योगफल 164 से कम तो खर्च ज्यादा दर्शाता है।

भाव: लग्न द्वितीय चतुर्थ नवम दशम एकादश

31+27+33+21+29+32 = 173

*जातक की आमदनी उसके खर्चे से ज्यादा दर्शाती है।

लग्न, चतुर्थ, पंचम, सप्तम, नवम और दशम स्थान के बिंदुओं को जोड़ो, यह स्थान व्यक्ति के अंतर मन को दर्शाता है। बाकी के जो स्थान है वह बाह्यमन दर्शाता है । अंतर मन के अंक ज्यादा है तो जातक संतोष और शिक्षा से ज्ञान प्राप्त करेगा वो सत्कार्य दान-धर्म करेगा और उसके विपरीत स्थिति में जातक चिंता में डूबा कपटी हो सकता है।

भाव: लग्न चतुर्थ पंचम सप्तम नवम दशम

31+33+29+23+21+29 = 166

जातक के बाह्यमन के अंक यहाँ ज्यादा है, जातक दान धर्म का कार्य करेगा। चिंता में डूबा रहेगा और धन उपार्जन के लिए कपट भी कर सकता है।

दशम भाव से अधिक बिंदु लाभ स्थान में और द्वादश भाव के बिंदु दकादश से कम हो और लगन के बिंदु व्यय भाव से अधिक हो तो ऐसा जातक सफल और वैभव संपन्न इंसान होगा।

लाभ भाव के - 32 बिंदु, दशम भाव के - 29 बिंदु से अधिक है और द्वादश भाव की 24 बिंदु लग्न - 31 जातक वैभव संपन्न होगा ।

*नौकरी और व्यवसाय जाने अष्टक वर्ग से :-

सर्वाष्टक वर्ग के भावो को चार खंडो में विभाजित किया गया है।

1. बंधु भाव - लग्न, पंचम, नवम भाव -

यह भावो का योगफल अधिक बिंदु होने पर जातक सेवा भावी, व्यापारी या व्यवसायी होता है। नौकरी करना या किसी के अधीन काम करना उसे पसंद नही आता ।

* भाव : लग्न - 31, पंचम - 29, नवम - 21 = 81

2. सेवक भाव - द्वितीय, छठा, दशम भाव - होता है। भाव का योगफल अधिक बिंदु होने पर जातक नौकरी करता है उसे अपने व्यापार में कोई रुचि नही होती । ऐसा जातक सरकारी या गैर सरकारी संस्थानों में उच्च पद भी प्राप्त कर लेता है पर उसे किसी की नीचे कार्य करना पड़ता है।

* भाव : द्वितीय - 27, छठा - 42, दशम - 29 = 98

3. पोषक भाव - तीसरा, सप्तम, एकादश भाव -

भाव में अधिक बिंदु होने पर ये जातक को धन, मान, प्रतिष्ठा देते हैं, वह अनेक व्यक्तियों का पालन पोषण करने वाला या उन्हे रोजगार देने वाला होता हैं। ऐसा जातक उद्योगपति या व्यापारी हो सकता है।

* भाव : तीसरा - 26, सप्तम - 23, एकादश - 32 = 81

4. घातक भाव - चौथा, आठवॉ, द्वादश भाव -

घातक भावों मे सर्वाधिक बिंदु हो तो ऐसा व्यक्ति घोटालेबाज, तस्कर, अनैतिक काम करने वाला, अनैतिक तरीको से धन कमाने वाला होता है। कई बार ऐसा जातक बाबा, सन्याशी या संत भी बन जाते है।

यहाँ जातक ने सेवक भाव में ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं, जातक किसी के नीचे कार्य करेगा और उच्च पद को प्राप्त करेगा।

*पोषक का योगफल घातक से ज्यादा हो तो जातक धनवान और उसके विपरीत घातक का योगफल पोशक से ज्यादा हो तो जातक धन की कमी दर्शाता है।

"आ नो भद्रा : क्रतवो यन्तु विश्वतः" (ऋग्वेद ।-89-i) हमें सर्वत्र सभी दिशाओं से कल्याणकारी विचार प्राप्त हो।

- प्रीति ठाकर

।। ॐ श्री गणेशाय नमः ।।

आज आपके गुरुजी श्री अशोक आचार्य जी की कृपा से संतान तथा संतान होने या ना होने की कुछ विधी हम ज्ञात करेंगे जो हमारे गुरुओं द्वारा हमें ज्ञात है। हम संतान के लिए कुंडली में पाँचवाँ भाव तथा पाँचवे भाव के मालिक, कारक ग्रह, गुरु महाराज तथा पांचवे घर पर किस ग्रह की दृष्टि है, ये देखते है। इसके अलावा पाँचवें भाव से पाँचवाँ भाव तथा गुरु से पाँचवाँ कौन सा ग्रह विराजमान है। इन सब के अलावा आज जब जातक का समय के अनुसार विवाह न होना विवाह होने के उपरांत संतान से ज्यादा अपने भविष्य पर ध्यान देना आज खान - पान तथा रहन - सहन भी संतान उत्पत्ति में देरी या संतान न होने का कारण बनता है। ज्योतिष द्वारा कुछ उपाय तथा सही मार्ग दर्शन द्वारा इस समस्या का समाधान हो सकता है।

<u>नियम :</u>

१. पुरुष कुंडली में हमें बीज स्पष्ट देखना चाहिए ।

२. स्त्री कुंडली में हमें क्षेत्र स्पष्ट देखना चाहिए ।

बीज स्पष्ट तथा क्षेत्र स्पष्ट हम यह पता करने को निकलते हैं कि पुरुष या स्त्री किस में कमी है और किसको चिकित्सीय परामर्श की आवश्यकता है।

बीज स्पष्ट तथा क्षेत्र स्पष्ट कैसे निकलते हैं, इसकी विधि नीचे दी गयी है।

पुरुष के लिए बीज स्पष्ट	स्त्री के लिए बीज स्पष्ट
गुरु	गुरु
शुक्र	चन्द्र
सूर्य	मंगल

पुरुष कुंडली में बीज स्पष्ट निकालने के लिए (गुरु + शुक्र + सूर्य) की राशि, अंश तथा कला को आपस में जोड़ देते हैं, इसी प्रकार स्त्री की कुंडली में (गुरु + चन्द्र + मंगल) की राशि, अंश तथा कला को आपस में जोड़ देते हैं।

फिर हमें यह देखना है कि वह किस नवमांश तथा सप्तमांश में गया है।

इसके बाद यदि बीज स्पष्ट विषम राशि (१, ३, ५, ७, ९, ११) में जाए तथा नवमांश में भी इन्ही राशि में आए तो संतान उत्पत्ति की संभावना ज्यादा होती है।

यही क्रिया हम स्त्री की कुंडली में देखेंगे, यदि यहाँ सम राशि (२, ४, ६, ८, १०, १२) है।

१. यदि पुरुष राशि में राशि कुंडली तथा नवमांश कुंडली में सम आए तब संभावना कम होगी ।

२. यदि पुरुष राशि में राशि कुंडली में सम तथा नवमांश कुंडली में विषम आए तब संभावना ५०-५० होगी ।

यही नियम स्त्री कुंडली में भी लगेगा ।

इस क्रिया के द्वारा हमें यह ज्ञात हो गया कि संभावनाएँ कहाँ ज्यादा है।

गुरु = ०२.१०.२४

शुक्र = ०३.२९.४५

सूर्य = ०५.००.३४

११.१०.४३ ======> बीज स्पष्ट आया

यहाँ देखिये ११ राशि १० अंश तथा ४३ कला आए, इसका मतलब ११ राशि पूरी हो चुकी है और बीज स्पष्ट मीन राशि में है। अब इसका नवमांश निकलते हैं, इसका नवमांश ७वें नवमांश में गया जो कि एक विषम राशि है।

इसका मतलब इस पुरुष को देरी से संतान प्राप्ति होगी ।

इस विधि से हम महिला की कुंडली भी देख सकते है।

अब जब लग्न कुंडली में सब कुछ सही है तब ५वें भाव, ५वें भाव के मालिक तथा कारक गुरु भी सही है तो इस विधी से हम यह ज्ञात करते हैं कि स्त्री या पुरुष, किसे चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता है।

नोट : ५वें भाव, ५वें भाव के मालिक तथा कारक गुरु तथा गुरु से ५वा भाव, चन्द्र कुंडली से स्त्रियों के लिए ५वां भाव तथा सिंह राशि से सप्तमांश कुंडली, इसके अलावा मेष, मिथुन, सिंह तथा कन्या राशि (बैरन राशि) यानी बीज राशि माना गया है।

यदि यह राशि पंचम भाव में बीज स्पष्ट तथा क्षेत्र स्पष्ट आए तो भी विघ्न देती है।

बीज स्पष्ट तथा क्षेत्र स्पष्ट ६, ८, १२ भाव में नहीं होना चाहिए ।

बीज स्पष्ट तथा क्षेत्र स्पष्ट पाप कर्तरी में नहीं होना चाहिए ।

बीज स्पष्ट तथा क्षेत्र स्पष्ट पर २ या २ से अधिक पाप ग्रहों की दृष्टि भी नहीं होना चाहिए ।

संकलन : आनंद उपाध्याय

નિરયન અને કે. પી. - એક તુલના

૧) અયનાંશ અંગે :

નિ : ચિત્રાપક્ષ, રામજ, લાહિરી વગેરે જુદા જુદા અયનાં શોનો ઉપયોગ કરવામા આવે છે.

કે. પી. : ખાસ નક્કી કરેલા અયનાંશ વપરાય છે. કે પી ના અયનાંશ છુ ઓછા છે.

૨) જન્મ સમયની અકાસણી :

નિ : જન્મ સમય સુધારવા માટે જુદી જુદી પધ્દતીઓ જેમ કે જન્મ સમયના લગ્નનુ નક્ષત્ર, ઘટી પળ પધ્ધતિ નવમાંશ વ્દાદશાંશ પધ્ધતિ વગેરે.

કે. પી. : શાસક ગ્રહો વ્દારા જન્મ સમયની ચકાસણી કરાય છે.

૩) ભાવ પધ્ધતિ

નિ. : એક સરખા ભાવ, શ્રીપતિ પધ્ધતિ અને પરાશરી વગેરે

કે. પી. : ફક્ત પ્લેસિડસ આર્ક પધ્ધતિ જ વપરાય છે.

૪) ભાવ :

નિ. : ભાવ મધ્યને - નાવની શરૂઆત ગણવામાં આવે છે.

કે. પી : ભાવની શરૂઆતથી જ ભાવ ગણાય છે.

૫) વિભાગીય કુંડળીઓ

નિ : જુદા જુદા પ્રકારની વિભાગીય ડી૧, ડી૨, ડી૪, ડી૯, ડી૨૪, ડી૬૦..

કે. પી. : વિભાગીય કુંડળી ઓને સ્થાન નથી.

૬) બળ :

નિ : ષડજળનો ઉપયોગ થાય છે.

કે. પી. : ષડબળનો ઉપયોગ થતો નથી.

૭) યોગ :

નિ. : ફળ જોવા માટે જુદા જુદા શુભ - અશુભ યોગોના વિચાર કરવામાં આવે છે.

કે. પી. : પુનર્ફુ યોગ સિવાય અન્ય કોઈ પણ યોગનો વિચાર કરવામાં આવતો નથી.

૮) ભાવનુ ફળ કથન :

નિ.: ભાવમા પડેલા ગ્રહો ભાવતે ગ્રહોની દ્રષ્ટી ભાવના સ્વામીની સ્થિતિ વગેરે પરથી ફળ કથન થાય છે.

કે. પી. : ભાવનો ઉપપતિ ભાવનુ બળાબળ નક્કી કરે છે.

૯) ગ્રહો પરથી ફળકથન :

નિ.: ભાવની સ્થિતિ, રાશિની સ્થિતિ, નક્ષત્રની સ્થિતિ, ષોડશબળ, અષ્ટકવર્ગ વગેરેથી ગ્રહનુ બળ જાણી શકાય છે.

કે. પી. : નક્ષત્ર સ્વામી અને ઉપપતિ પર ફળનો આધાર છે.

૧૦) રાહુ - કેતુ :

નિ. : રાશિનો અધિપતિ ઉચ્ચ નીચ અને દ્રષ્ટી અંગે જ્યોતિષકારોંએ જુદી જુદી રાશી બતાવી છે.

કે. પી. : તેને કોઇ સ્થાઇ રાશિનુ અધિપત્ય આપવા નથી તેને

૧) યુતિમા રહેલા ગ્રહ

૨) ગ્રહોની નિરયન દ્રષ્ટી

થતા ગ્રહો પર ફળ કથન નો વિચાર થાય છે.

૧૧) શાસક ગ્રહો :

નિ. : તેને ગણત્રી કરવામા આવ્યુ નથી

કે. પી. : લગ્નના નક્ષત્ર નો સ્વામી, લગ્નની રાશિનો સ્વામી, ચંદ્રના નક્ષત્રનો સ્વામી, ચંદ્રની રાશિનો સ્વામી અને દિવસનો સ્વામી આ સ્વામીત્વ કરનારા ગ્રહો છે. એમાથી જે બળવાન ગ્રહ બને છે તે શાસક ગ્રહ કહેવામા આવે છે.

શાસક ગ્રહ ની સ્થીતિ થી હું નુ આકલન ફળકથન રૂપે કરવામા આવે છે.

હિમાંશુ આર. ઓઝા.

इन्दु लग्न छुपा इंगित

कहा जाता है की तन दुरुस्त -तो मन दुरुस्त, और किसी भी कार्य को तन मन और धन से किया जाए तो पुरा विश्व उसे सफल करने से रोक नहीं सकती। किन्तु वर्तमान समय में, खासकर युवावर्ग सिर्फ धन के पीछे मानो दौड ही रहा है। गलत भी तो कुछ नही है ना ? धन की आवश्यकता किसे नही है, लक्ष्मी का स्वागत करने को तो हम सभी हमेशा उत्सुक ही होते है।

ज्योतिषी के पास आने वाले करीब करीब सभी का यह प्रश्न होता है कि मैं करोडपति कब बनुंगा ? मेरी धन-संपत्ति कैसी है ? क्या मै धनवान बन पाऊँगा ?

लग्न कुंडली का दुसरा (धन भाव), ग्यारहवा (लाभ भाव) पाँचवा (पूर्व पूण्य) और नौवा भाग्य हमे हमारी धन संपत्ति से अवगत करते है। परंतु अनगिनत धनसंपत्ति - करोडपति बनने के योग को भी हम कुंडली से जान सकते है। जिस प्रकार होरा कुंडली जातक की धन स्थिति दर्शाती है, उसी प्रकार ज्योतिष शास्त्र मे **इन्दु लग्न** की भी महत्ता है। जिसके अभ्यास से हम गहराई तक पहुँच सकते है। आज हम इसी विषय को विस्तृत जानेंगे और देखेंगे किसके भाग्य की तिजोरी कितनी भरी है ?

ज्योतिष विषयक अनेक प्राचिन ग्रंथो में इन्दु लग्न का उल्लेख किया गया है। इन्दु लग्न का अर्थ होता है चंद्र - अर्थात चंद्र की शीतल चांदनी जैसा संपत्ति, सुख बताने वाली कुंडली, व्यक्ति के जीवन में पैसो की आवक - जावक व उसका स्तर देख सकते है। धन सुख की माहिती सटीक और बहुत ही सरल तरीके से प्राप्त करने के लिये इन्दु लग्न महत्वपूर्ण है।

इन्दु लग्न कैसे ज्ञात किया जाए : इन्दु लग्न जानने के लिए सुर्यादि ग्रहों को प्राप्त नैसर्गिक कला का प्रयोग किया जाता है। राहु - केतु छाया ग्रह होने के कारण इन्दु लग्न मे इनको गणना में नही लिया जाता है। शेष सुर्यादि सातों ग्रह सम्मिलित होते है। इन्दु लग्न की गणना हेतु प्रत्येक ग्रह के निश्चित अंक निरधारित किये गये है। जिसे ग्रहो कि कलाएँ - रश्मियाँ के रुप में जाना जाता है, जो इस प्रकार होते है।

	ग्रह	कलाएँ		ग्रह	कलाएँ
१	सूर्य	३०	५	गुरु	१०
२	चंद्र	१६	६	शुक्र	१२
३	मंगल	६	७	शनि	०१
४	बुध	८			

इन्दु लग्न शोधन पध्धति :- सर्वप्रथम लग्न से नवम राशि के स्वामी ग्रह की कलाएँ और चंद्र से नवम राशी स्वामी ग्रह की कलाएँ, दोनो को जोड दो। प्राप्त संख्या यदि १२ से अधिक हो १२ का भाग दो। (अन्यथा जरुरी नही है।) जो शेष संख्या मिले उन्हे भाव चंद्र से आगे गिनते हुए भाव मिले, वही हमारा इन्दु लग्न बनेगा। यदी शेष फल ०, शुन्य हो तो चंद्र की राशी ही इन्दु लग्न बनेगी।

Ex 1 - लग्न कुंडली



इन्दु लग्न



लग्न से नवमेश चंद्र - चंद्र की कलाएँ - १६

चंद्र से नवमेश गुरु - गुरु की कलाएँ - १०

१६+१०= २६, २६ ÷ १२ = २ शेष = २

यहा चंद्र कि कर्क भाव से दो भाव आगे गिनते हमे सिंह - दसवा भाव मिलता है। सिंह लग्न कि इन्दु लग्न कि कुंडली बनेगी।

Eg 2 - लग्न कुंडली



इन्दु लग्न कुंडली



लग्न से नवम - मेश - मंगल - ६ कलाएँ

चंद्र से नवम - कुंभ - शनि - १ कला

६ + १ = ७

यहाँ चंद्र से सातवा भाव आगे गिनने पर धनु राशी आती है। तो इन्दु लग्न धनु राशि का बतएँगे।

उपरोक्त विधि से हम इन्दु लग्न कुंडली तैयार कर सकते है। इन्दु लग्न कुंडली का अभ्यास - फलादेश हेतु इन नियमों को समझना होगा।

१) इन्दु लग्न कुंडली के धनेश और लाभेश का किसी भी प्रकार का संबंध व्यक्ति को धनवान बनाता है।

२) इन्दु लग्न दुसरे और ग्यारहवे भाव पर जितने शुभ ग्रहों का प्रभाव होगा उतनी ही धन संपत्ति अधिक होगी।

३) इन्दु लग्न में नैसर्गिक शुभ ग्रह अधिक होंगे तो जातक अधिक धनी होगा।

४) इन्दु लग्न में एक ही शुभ ग्रह हो और वह पाप प्रभाव से मुक्त हो तो ज्यादा धन कमाते है।

५) यदि यहाँ अशुभ ग्रह हो, उसपर पाप प्रभाव पडता हो तो धन सुख उतना अच्छा न होगा।

६) इन्दु लग्न में उच्च का अशुभ ग्रह हो तो जीवन के प्रथम भाग में धन सुख सामान्य किंतु दुसरे भाग में अधिक होगा।

७) इन्दु लग्न में उच्च का पाप ग्रह फिर भी श्रीमंत तो बनाता है, परंतु यदि यह पाप ग्रह नीच का हो तो दरिद्र योग बनाता है।

८) इन्दु लग्न में स्थित सुर्य, शनि और मंगल जैसे अशुभ, क्रुर ग्रह भी इन्सान को पर्याप्त पैसा दे ही देता है।

९) आम तोर पर लग्न कुंडली में इन्दु लग्न का भाव या उसका लगनेश जितना बलवान होगा, व्यक्ति उतना ही धनिक होगा। इन्दु लग्न या इन्दु लग्नेश से संबंधित दशाओं मे पैसो कि फुहारें बरसेगी।

१०) इन्दु लग्न बलाबल देखने के लिए इसमे अशुभ ग्रह स्थित है या नही। अथवा इन्दु लग्नेश अशुभ भाव मे, अशुभ ग्रहों के प्रभाव मे है या नही. आदि का अभ्यास करके बल की अधिकता - न्युन्ता समझ सकते है।

११) इन्दु लग्न से केंद्र और त्रिकोण मे शुभ ग्रह की दशा धन प्राप्ति करवाएगी। इससे विपरीत ३-६-८-१२ भाव स्थित ग्रह व भावेश कि दशा धन हानी दरशाती है। इन्दु लग्न भाव में किसी भी ग्रह का न होना ज्यादा शुभ नही माना जाता है। इस परिस्थिति मे सिर्फ इन्दु लग्नेश की स्थिति ही देखी जाएगी। यहा सिर्फ एक ही शुभ ग्रह भी इंसान को करोडपती बना सकता है और यदि कोई एक पाप ग्रह हो तो भी व्यक्ति लखपति तो होता ही है और दो पाप ग्रह होने पर व्यक्ति हजारो मे खेलता है। इन्दु लग्न भाव को उसका स्वामी देखता हो तो इंसान धनवान होता है।

१२) इन्दु लग्न मे स्थित शुभ ग्रह और इन्दु लग्नेश अपनी-अपनी दशाओं में संपत्ति सुख देते है।

१३) इन्दु लग्न और लग्नेश का संबंध शुभ-अशुभ ग्रहो के प्रभाव में हो तो मिश्र फल देते है।

१४) इन्दु लग्न से २-५-९-११ भाव - भावेश का संबंध स्थाई रुप से उत्तरोत्तर अधिक धन प्राप्त करवाते है।

१५) इन्दु लग्न के शुभ भाव में उच्च का, स्वगृही या मूल त्रिकोणी गृह जीवन मे तीव्र और स्थाई, आर्थिक लाभ देते है।

१६) इन्दु लग्न कुंडली में अशुभ गृह उच्च का स्वगृही या मूल त्रिकोणी हो तो अपनी दशा के अंत धन संपत्ति दे जाता है।

१७) इन्दु लग्न कुंडली मे योग कारक गृह का द्रष्टी - युति संबंध भाव - भावेश के साथ होने पर जीवन में उन्नती प्राप्त होती है।

१८) इन्दु लग्न के शुभ भाव और शुभ ग्रहो पर से शुभ ग्रहो का गोचर भी आर्थिक उपलब्धियों मे आधारशीला होते है।

१९) यदि इन्दु लग्न जन्म कुंडली के ३-६-८-१२ भाव मे आता हो तो वह शुभ नही माना जाता है। तिसरा भाव धन प्राप्ति में अधिक संघर्ष दर्शाता है। छठे भाव से शत्रुता का व्यवहार दर्शाता है। ८ वे भाव से धन प्राप्ति की संभावनाएँ नष्ट करता है और १२ भाव धन प्राप्ति के मार्ग को पहचाननें नही देगा।

२०) इन्दु लग्न से २-५-९-११ भाव मे सर्वाष्टक वर्ग के बिंदु जितने अधिक उतनी ही आर्थिक स्थिति मजबुत होगी।

कुछ एक प्रसिध्द व्यक्तियों के इन्दु लग्न देखते है।

जय ललिता (राजकीय नेता) २४-०२-१९४८, मद्रास





राज कपुर : १४-१२-१९२४, पेशावर पाकिस्तान





सचिन तेंदुलकर : २४-४-१९७३, मुंबई





तो आइये देखते है हमारी इन्दु लग्न की कुंडली में क्या इंगित छुपा है।

हरी ॐ : **वर्षा धीरज रावल**

अस्त ग्रह - फल कथन

अस्त ग्रह, नीचस्त ग्रह, पिडीत ग्रह फलीभुत कैसे करे और फर्क तथा अंतर क्या है।
तीनो स्थितियां खराब है।

अस्त ग्रह :

ग्रह अस्त कब होता है ? सुर्य के ज्यादा समीप होने के कारण ग्रह अपनी रोशनी खो देता है, प्रभावहीन, तेजहीन हो जाता है। हमारी कुंडली में कैसे फलित होगा ? ग्रह जिस भाव का अधिपति है उस भाव के कारकत्व पर से अपना प्रभाव खो देता है। जो भाव का कारकत्व आप को उन्नति वृध्धि देना है मगर वह नही मिलती। आप प्रभावशाली, सुंदर, ज्ञानी कर्मठ व्यक्ति है मगर आपके सामने वाले निम्न कक्षा के होने पर भी प्रथम स्थान प्राप्त करेगा, आप दुसरे स्थान पर रहोगे, किसी का आपकी तरफ ध्यान ही नही होगा। सही अर्थ में आप एक लायक व्यक्ति हो।

यहा अस्त ग्रह समपर्ण करवाता है।

यह चीज मुझे नही आती है मै उसे सीखने का प्रयास करुंगा यह वक्री ग्रह करवाता है।

जब की अस्त ग्रह वाला व्यक्ति मुझे यह नही आता है तो नही आता है, मै क्या करुं, यह करवाता है अस्त ग्रह। यदि अस्त ग्रह वक्री भी हो वो यह नियम उस जातक पर नही लगेगा। अन्यथा जब भी ग्रह अस्त का होता जाता है तो हम समपर्ण कर देते है। हमे उस चीज-वस्तु की चाह छोड देते है। अस्त का ये अर्थ नही है की वह ग्रह के सारे प्रभाव खराब हो जायेंगे। ग्रह स्वराशि का हो या उच्च का होने के बाद भी अस्त ग्रह हो सकता है, बढीया स्थिति होने पर उसका प्रभाव तो रहेगा, लेकीन हम नाम की बात करें तो लोग हमे जानते क्यों नही मुझ में जो खुबियाँ है वह लोगो को पता कैसे चले, यहाँ इस प्रकार की दिक्कते आती है।

नीचस्त ग्रह :

ग्रह नीचस्त हो गया तो कमजोर हो जाता है। जब ग्रह नीचस्त के होते है, उनमे से कुछ ग्रह अपने मित्र के घरमें नीचस्त हो जाते है, मित्र के घरमें बैठना तो शुभ माना जाता है। यदि कोई ग्रह मित्र के घर में हो या स्वराशि का हो तो अच्छा माना जाता है।

उदा.: १) शुक्र कन्या राशि में नीचस्त का होता है, कन्या उसके मित्र की राशि है

२) मंगल चंद्रमा के घर में नीचस्त का होता है, मंगल तो चंद्र को मित्र मानता है। इस प्रकार बहुत सारे ग्रह जो है वे अपने मित्र के घर में नीचस्त के होते है। इसका अर्थ ये की उसे कमजोर तो नही मानते।

परंतु उस ग्रह के नैसर्गिक कारकत्व को सही जगह उपयोग नही कर पाते। जैसे गुरु नीचस्त का हो तो आप उसके ज्ञान को सही जगह उपयोग नही करते और आप में एक अहंकार की भावना आती है, तथा मंगल नीचस्त का हो तो आप अपना गुस्सा घर में दिखाते हो। जहाँ नही दिखाना चाहिए वहाँ आप क्रोध दिखाते है। जहाँ दिखाना है वहाँ गुस्सा दिखाते नही और शांत हो जाते है।

इस प्रकार शुक्र कन्या राशि में नीचस्त का होता है तो शुक्र अपना तेज खो देता है, नही तेज हो तो नही खोता मगर आप को ऐसे लोग पसंद आते है जो आप की क्षमता से हलके हो बुध वाले कन्या राशि वाले जीसे समाज भी कभी स्वीकार नही करते पर आपको इस तरह के लोग पसंद आते है, समाज के कई लोग कहते है की आप किस प्रकार के लोगो से संबंध बना रखाँ है। यहाँ आपका शुक्र नीचस्त का है तो आपको उन के साथ बैठने पर आनंद आता है। शुक्र नीचस्त का हुआ है तो आप की पसंद पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है। तथा शनि नीचस्त का हो जाता है तो जहाँ महेनत करनी है वहाँ महेनत न करके गलत जगह महेनत करते हो परिणाम कुछ नही मिलता, उतार चढाव आते है।

नीचस्था का अर्थ ये नही की सारा भाव चला गया, पर उसके कारकत्व को गलत जगह उपयोग कर रहे है जिस कारण परेशानी आती है। नीचस्त ग्रह जिस भाव का स्वामी है तो वह भाव में भी कमी आती है।

पीडीत ग्रह :

कई प्रकार से ग्रह पीडीत हो सकता है। शत्रु ग्रह के साथ या शत्रु राशि में नैसर्गिक पाप ग्रह की युति में पाप कर्तरी में है। यह सब पीडीत होने की स्थिति में है। यदि ग्रह शत्रु राशि में है तो वो आसपास के वातावरण में खुश नही है।

उदा : आपका लग्नेश शत्रु ग्रह की राशि में है तो आपका यह अनुभव होता है की मै जहाँ काम कर रहा हुं या रहता है वह (वातावरण) सही नही है। फ्रेंडली नही है। ऐसा वातावरण नही मिल रहा जहाँ मेरा विकास हो। इसका अर्थ यह है कि मुझे यदि योग्य वातावरण मिल जाय तो अपनी मेहनत से ग्रोथ पा लुंगा। मुझे क्या करना है वह मै निश्चित कर सकता हुं।

अस्त ग्रह की बात यह है की आपका नाम नही होगा। आप समरर्ण कर देंगे। तथा ग्रह कारकत्व का सही जगह उपयोग न करने के कारण ख्याति प्राप्त करने में बाधा आयेगी।

जब ग्रह नीचस्त का हो जाता है तो उसके कारकत्व का गलत जगह उपयोग कर कहे है। पाप ग्रह या शत्रु ग्रह, शत्रु राशि मे या दोनो के बीच में बैठा ग्रह पीडीत होता है फिर समस्या गंभीर होती है।

पाप ग्रह या शत्रु राशि या ग्रह के बीचमें बैठे है वहां अगर शनि, राहु की दृष्टी आ गई तो नकारात्मकता आ जाती है।

लग्नेश पीडीत है तो आप के आसपास या ऑफिस के वातावरण से आप परेशान होंगे। वही ग्रह मित्र राशि में या उच्च या मित्र के साथ बैठा है तो अच्छा अनुभव करेंगे। सुविधा होगी या उस ग्रह पर शुभ ग्रहों की दृष्टी भी आ गई जैसे गुरु चंद्र की दृष्टी आ गई तो आने वाली परेशानीयों का डट कर सामना करने का विश्वास आ जायेगा।

- प्रमीला पांचाल

कूप - चक्र

मनुष्य जीवन मे हमे शुभकार्य करने के लिए शुभ मुहूर्त देखने की आवश्यकता होती है। इस मे हमे मुहूर्त - शास्त्र मदत रुप होता है।

तो चलिये आज हम जलाशय, कूप वाव या बोरींग के लिए जमीन खुदवाने का आरंभ करने का मुहूर्त देखेंगे।

कूप - चक्र

ईशान	पूर्व		अग्नि
	२५,२६,२७	४,५,६	७,८,९
उत्तर	२२,२३,२४	१,२,३	१०,११,१२ दक्षिण
	१९,२०,२१	१६,१७,१८	१३,१४,१५
वायव्य	पश्चिम		नैऋत्य

सुर्य के महानक्षत्र से चंद्र के दैनिक नक्षत्र तक गिनती करते प्रथम ३ नक्षत्र ब्रह्म स्थान मे रखे। इस नक्षत्र मे कूप खुदवाना आरंभ करने से जल की प्राप्ती जल्दी होगी। व्दितीय ३ नक्षत्र पूर्व मे रखेंगे। यह नक्षत्र मे आरंभ करने से जल का अभाव रहेगा। तीसरे ३ नक्षत्र अग्निकोण मे रखें। इस मे साधारण जल की प्राप्ती होगी। चौथे ३ नक्षत्र दक्षिण दिशा मे रखे। इस मे आरंभ करने से जल का नाश होगा। पांचवे ३ नक्षत्र नैऋत्य कोण मे रखे। इस मे अधिक जल की प्राप्ती होगी। छठ्ठे ३ नक्षत्र पश्चिम दिशा मे रखे। इस मे शुरुआत करने से मीठा जल प्राप्त होगा। सातवे ३ नक्षत्र वायव्य कोण मे रखे। इस मे आरंभ करने से नमकीन जल की प्राप्ती होगी। आठवे ३ नक्षत्र उत्तर दिशा मे रखे। इस मे मीठा और अधिक जल पाया जायेगा। नौवे ३ नक्षत्र ईशान कोण मे रखे। ये नक्षत्र मे आरंभ करने से साधारण जल की प्राप्ती होगी।

इस तरह हम जान पाते है की कोन से दिन खुदाई का आरंभ करे। कूप घर के मध्य मे बनवाने से गृहस्वामी एवं द्रव्य का नाश होता है। इसान कोण मे कूप करवाने से पुष्टि मिलती है। पूर्व मे ऐश्वर्य वृध्धी होती है। अग्निकोण मे पुत्र का नाश होता है। नैऋत्य मे गृहस्वामी की मृत्यु होने की संभावना होती है। वायव्य मे शत्रु से पीडा होती है। उत्तर दिशा मे सुख की प्राप्ती होती है।

रविवार को कूप का आरंभ करने से जल का नाश। सोमवार को अधिक जल । मंगलवार को रेत ज्यादा निकलना । बुधवार को ज्यादा जल की प्राप्ति । गुरुवार को मीठा जल प्राप्त होगा। शुक्रवार को नमकीन जल। शनिवार को जल का नाश।

जीस जगह कूप करवाना हो उसके आसपास चारो और जमीन पर कान लगाके सुनने से जहा पानी के बहने की धीमी या तेज आवाज आ रही हो उससे हमे जल कितना नीचे है वह पता चलेगा। यह कार्य हमे रात को नीरव शांती मे या सुबह होने से पहले करना है।

- जहाँ पेड से लीपटी हुई हरे रंग की लता हो वहाँ २० फीट नीचे जल पाया जा सकता है।
- जहाँ खजुर, जांबुन, नेतर, वड या उंबर के पेड हो वहा २० फीट नीचे से जल की प्राप्ती हो सकती है।
- जहाँ साग, सीसम, बेल, नीम के पत्ते सुखे हो वहाँ बहुत ही ज्यादा नीचे जमीन खुदवाने से जल प्राप्त हो सकता है।

इस तरह आज हमने देखा की कूप कहाँ, कब करवाना चाहिए। जिससे हमे अधिक एवं मीठे जल की प्राप्ती हो।

।। अस्तु ।।

संकलन : रुपल दमणीया



शेअर मार्केट

बाजार सदैव एक समान नही रहता है। आज जैसा कल चले, गत सप्ताह समान इस सप्ताह चले, गत माह समान इस माह चले, गत वर्ष समान इस वर्ष, गत ऋतु समान इस समय चले यह नही होता। कभी २-३ दिन मंदी या तेजी की लाईन चंद्रमा निकालता है। लगातार १२-१३ दिनो की एकतरफा चाल तेजी, मंदी, स्थिर समकी लाईन सूर्य व्दारा मिलती है। कभी यह एक माह भी चलती है।

हमारे बाजार सुबह ९.१५ से ३.३० व १० बजे से रात्री ११.३० बजे तक चलते है किंतु विश्व के अन्य देशो में बाजार इससे पुर्व और पश्चात चलते रहते है। ये बाजार ही जो रात्री पर्यंत चलते है वही दूसरे दिन का बाजार सुबह खुलने पर झटकेसे तेजी या मंदि कमोडीटी बाजार मे लाते है।

ब्रहस्पति कभी पूरे वर्ष मंदी और तेजी की धारणा देते है और बाजार उपर निचे ही चलता रहता है।

शनि लगातार तेजी ६ माह, २ साल और ५ साल तक भी उपर नीचे कर लगातार तेजी - मंदी की लगातार लाईन दे कर बाजार की संपूर्ण धारणा बदल देता है। जिसे विश्व व्यापी तेजी मंदी में बदल देता है। यह शनि भूमि और देश के व्यापार की भी धारणा बनाता है और लाईन भी इतिहास की बनाता है कंवदीती हो जाती है। सन १९९७ से भूमि मे चली तेजी ४-५ साल में भूमि के भाव जमीन से आसमान पर लेकर गई और आज स्थिति आपके सामने है। अकल्पनिय धन भूमि के कारबारीयोने कमाया। अनेको धन कुबेर देश को इस तेजीने दिये है।

बुध प्रतिमाह ही २ बार तेजी मंदी और तेजी देता है। इसका बार बार उदय और अस्त बाजारको मुद्राकोष को और बैंको को भी हिला देता है। अनेको देशोकी मुद्रा की यह गुरु ग्रह के संयोग से बहुत उपर नीचे करता है।

रुपया और डॉलर का अंतर भी यह प्रदान करता है। वैसे धन बैंक, मुद्रा पर गुरु का प्रभाव है। और वे ही इसे संचालित करते है। किंतु बुध के कारण कुछ सूचना और बाते नकली तेजी मंदि करता ही है। बुध का सबसे ज्यादा प्रभाव एग्रीकलचर कमोडीटी साधनो पर ज्यादा पडता है। बुध उदय और अस्तको अनेको ज्योतिविंद बार-बार के उदय और अस्त से मान्यता ही नही देते है। किंतु तत्काल की तेजी- मंदी देकर अनेको को आबाद और बर्बाद करता ही है। इसका असर तो होता ही है। संपूर्ण व्यापार का संचालन बुध-बुधि से ही होता है। बुध बिना किसी बातके ही बाजार को उपर नीचे मिनटों मे ले जाने की क्षमता रखता है। एक खबर मिलते ही बाजार तत्काल छलांग लगाता है और तात्काल गिरता भी है और कुछ समयमें सामान्य स्थिति पर ले आता है। बुध ठोस नही अपितु वायदे से ही उपर और नीचे बाजार को करता है। यह शेअर और वायदा सौदे को ज्यादा प्रभावित करता है।

वायदा का फायदा कब कारोबारी को करोडपति और कब कंगाल बनादे यह पता नही लगता है। इस कारण बडे कारोबारी और औद्योगिक घरानो के अपने ज्योतिष सलाहकार होते है जो पुरा विश्लेषण कर आगामी व्यापार की सलाह देते है। औद्योगिक घरानो का अपना टेकनिकल विश्लेषण भी होता है किंतु ज्योतिषिय विश्लेषण के आगे वह बौना ही है और सटीक भी नही है। मांग और पुर्ती का नियम तो आवश्यक है किंतु आजका वायदा कारोबार इतना बडा है कि वह वगैर मांगके ही मूल्य बढा देता है। एक ही दिनमे चांदी २००० से ३००० तक उपर नीचे आना आज सामान्य है।

व्यापार आज वायदे से विश्वव्यापी और इंटरनेट से संचालन के कारण मिनटो में उपर नीचे आता जाता रहता है और हाजिर के अनुसार ही चलना होता है, किंतु यहाँ भी सोना और चांदी के व्यापारमे हाजिर

मे प्रीमीयम के रुप मे मुनाफा लेना आरंभ किया हुआ है। जब मंदिमें खरीदने जाते है तब वे भाव बढाकर देते है। तेजी होने पर आप बेचने जाते है तब प्रीमीयम घटाकर आप से लेते है यह सराफा मे हो रहा है।

शेअर बाजार भी खबरो से प्रभावित होता ही है इसमे देखते ही देखते इतना अंतर आता है कि समज से परे है।

अनेको वित्तीय संस्थान और बैंक अपना मुनाफा सुनिश्चित करने हेतु इस बाजार मे पैसा लगाते है और संपूर्ण विश्लेषण पश्चात चुनिंदा शेयरो और चुनिंदा क्षेत्रो में ही यह एक साथ बहुत बडी खरीदी करते है। अनेको बडे-बडे ब्रोकरींग हाऊस भी यह ही मार्ग अपनाते है और विदेशी संस्थाओकी भी यही निती होती है। इनकी बल्क खरीदी से बाजार बढता है और बिक्री से बाजार गिरता ही है और गिरता जाता है।

रुपयेकी तेजी मंदी : विश्व व्यापार डॉलर से ही चलता है और यह भी उपर नीचे होता रहता है। भारतीय रुपया एक दिन प्रतिशत से १.०५ प्रतिशत तक उपर नीचे मिनटो मे हो जाता है। यहाँ लोग कहते ही रह जाते है रुपया गिर रहा है, बाजार सैकडो पॉईट नीचे आ जाता है। बाजार खुलते ही फिर यह और बिकवाली करते है। ईस सैंकडो हजारो करोड की बिकवाली से रुपया गिरा हुआ ही खुलता है और दिनमे बिकवाली और आने से गिरता जाता है यह क्रम लगातार चलता रहता है और रुपया गिरता जाता है।

अभी के समय मे भारतीय निवेशक भी बहुत मजबुत हुए है। ये बाजार को तुरंत संभाल लेते है किंतु इससे रुपया उपर नही आता है। यह मुख्य कारण है। कारण तो और भी अनेको है। छोटे निवेशक समज ही नही पाते और वह बाजार बढने की राह देखने मे बर्बाद होते जाते है। उन्हे कमाने के कम और बर्बाद होने के ज्यादा मौके आते है।

कुछ शेयरो की तेजी : बाजार मे समय-समय पर अलग - अलग कँपनियो और चुनिंदा क्षेत्रो के शेयर तेजीमे आते है। कुछ दिन, महिने, एक दो साल के लिए। इसका मुख्य कारण होता है संस्थाओ और दलालो व्दारा शेयरो का बताना। ये चुनिंदा शेयर ही बताते है अपने क्लांयटो को और वे खरीदते रहते है। भाव बढता जाता है और ये सलाहकार ही उन्हे एक समय एक साथ बेचने की सलाह देते है। वे अपना संपूर्ण शेयर बेच देते है। पुनः यह सलाहकार उस कंपनी और शेयर को छोडकर दुसरी कंपनी और शेयर को खरीदने की सलाह देते है। इस तरह यहा तेजी और मंदी लाते है। सामान्य निवेशक फंस जाते है। वह तेजी होने पर ही खरीदता है। उसको इस चाणक्य निती का ज्ञान नही होता है और बर्बाद होते है। भाव ज्यादा गिरने पर ये सलाहकार ही टी. व्ही. पर आकर बताते है कि आप अभी एक दो साल बने रहे बेचे नही इस तरह आप फंसे रहते है। यह चक्र पुनः पुनः दोहराया जाता है।

ग्रह ही मंदी मे तेजी देते है : ज्योतिषीय विश्लेषणव्दारा हमने गत समय मे यह तो जान ही लिया है कि बाजार को व्यक्ति नही व्यक्तिकी मानससिकता ही चलाती है और यह मानसिकता ग्रह के भ्रमण से बनती है। व्यक्ति या पुरा समाज, पुरा देश और संपूर्ण जगत इस अदृश्य शक्ति से संचालित होते है। जिनके बुध, शनि, राहु, गुरु या अन्य ग्रह आम अवस्था मे हो वह इन तरंगो को पहले ही समज लेते है और उस कार्य मे उस कँपनिमे उस क्षेत्रमें यह कार्य करते है और मुनाफा कमाते है।

कौन नुकसान उठाता है : जिन व्यक्तियोके वर्तमानमे शनि, मंगल, सुर्य व्दादश है तब सभी नुकसान उठाते है। इसमे भी मुख्य है दूसरे भावके स्वामीका व्दादश भाव मे भ्रमण, महादशा स्वामी का कमजोर होना, अंतदर्शा स्वामी का वर्तमानमें व्दादश होना और विशेष भी तब जब वह रितिकारक हो या आत्मकारक। इस समय व्यक्ति कितना भी महान हो वह नुकसान उठाता ही है, उठाता जाता है। राह पिडीत महादशा मे लग्न कमजोर होने पर और राहु की दशामे व्यक्ति दुसरों को देखकर लालचवश व्यापार मे आता है और नुकसान उठाता है। इस तरह वह पुरी तरह बर्बाद हो जाता है। हर प्रकार के व्यापार मे इस तरह की स्थिती होती है।

व्यापार मे भी पैसा फँसने पर, उधार नही आने पर, व्यापार नही चलने पर बाजार से व्यक्ति रुपया ब्याज से उठाता है। नही आने पर और उसको चुकाने के लिए बाजार से उठाता है उठाताही जाता है और एक दिन वह दिवालिया हो जाता है। यह ५ प्रतिशत के साथ व्यापार मे और ७५ प्रतिशत के साथ वायदा बाजार मे होता है। वायदा मे डुबने वालो की संख्या ज्यादा है।

डुबने वालो को सलाह : आप किसी भी तरह के घाटे मे या कर्ज मे फँस चुके है और निरंतर फँसतेही रहे है तो कुछ दिनो के लिये कारोबार को रोक दे व्यापार को रोक दे। इस स्थिती मे तत्काल किसी योग्य ज्योतीषी से सलाह ले और समझे कि यह क्यों हुआ है और यह कब तक चलेगा और आगे नुकसान का समय कितना है, फायदा होगा या नही, जो भी कारण हो वो जाने, कर्ज चुकाने हेतु फिर कर्ज न ले। यह नये उम्र के बच्चे ज्यादा करते है। उन्हे यह उत्साह होता है कि इस कार्य से तुरंत पैसा आयेगा और यह सट्टेबाजी वायदे मे आते है और उलटा नुकसान ही करते है। ज्यादा कर्ज मे होने पर कभी भी वायदा बाजार और सट्टा चाहे क्रिकेट हो या अंकोका कदापी न करे।

क्या करें : बाजार के लोगो की राय अवश्यही ले किंतु सदैव अपनी मानसिकता से ही व्यापार करे सलाह अवश्य ले।

ज्यादा नुकसान होने पर : अपनी कुंडली किसी ज्योतीष को बताये और रुकावट और घाटे के ग्रहोको जानकर उनकी पूजा, जाप, अनुष्ठान करवाये।

कब व्यापार करे : आपके महादशा स्वामी के राजयोगकारी समय मे और महादशा स्वामी से अंतःदशा स्वामी एकादश, नवम, पंचम, दशम मे होने पर अच्छा लाभ लगातार मिलता है। यह आपको वैदिक ज्योतिष के विद्वान से जानना चाहिए।

वायदा तत्काल कब न करे : वायदे मे उत्साह से कार्य न करे। अनेको को यही बताया जाता है और यह ही मानसिकता ब्रोकर बताते है की जब मंदी हो तो खरीदो और जब ज्यादा ऊंचा बाजार हो तब बेच दो। यही उचित भी है किंतु मंदी की अंतिम मंदी स्थिती वही हो या तेजी की अंतिम स्थिती वही हो यह समज नही आने से इसमे भी सैकडो लोग फंसते है,वायदा व्यापार की गिरावट ५%,१०%, २०%, ५०%, ६०% तक भी हो जाती है। कोई भी गिरावट अंतिम नही होती । बहुत सोच समजकर विश्व व्यवस्थाको जानकर सलाहकारसे सलाह लेकर कार्य करे। आज संचार माध्यमो और विश्व व्यापार होने के कारण सभी जगह भाव एक समान वायदा के होते है। हाजिर मे भावके अनुसार अंतर आता है और यह होता है की एक क्लीक पर सौदा हो रहा है और बस दबने के बाद कुछ नही होता । आज वायदा व्यापार एक शब्द का ही है। खरीदलो या बेच दो, बस निर्णय के समय से किसी भी देवता का सुविधानुसार अपने कुल परंपरानुसार नित्य मंत्रजाप करें और लाभ उठाये।

भाग्योदयकारी स्त्रोत : व्यापार लाभ हेतु श्री सुक्तअदितिथ है साथ ही कनकधारी स्त्रोत व पुरुष सुक्त प्रमुख है। त्रिपुरी सुंदरी स्तोत्र पुजन, षोडशी मंत्र प्रमुख है। आपको उचित लगे वो करें।

धन्यवाद

डॉ. हरीलाल मालदे

दैनिक जिवन में हस्तरेखा ज्ञान का उपयोग

रोज : हस्त रेखा : जिवन में हस्तरेखा ज्ञान का उपयोग :

आज हम बात करेंगे की किसी भी जातक को अगर हस्तरेखा को जानना है तो उसको इस विधी को अपने रोजमर्रा के व्यवहार में इसे लाना चाहिये। अगर हम अपनी नजर अपने चारो और लगायेंगे तो हमे कई तरह के अलग - अलग प्रकार के लोग दिखेंगे और हमे अपने अभ्यास के लिये बहुत सारे हाथ दिखाई देगें। कीसी का हाथ लंबा तो किसी का छोटा, किसीकी उंगलिया छोटी होगी तो किसी का अंगुठा अलग प्रकार का होगा। सभी के हाथ अलग - अलग प्रकार के होंगे और मजेदार बात यह है की हम उस जातक को बताये बगेर उसके बारे मे जान सकते है। हस्तरेखा के विद्यार्थीयोंको यह सब बाते निरंतर अभ्यास से जल्दी से समझमें आ जाती है। यह सब बाते मे से कुछ बाते आप उसके नजदिक जाये बगेर जान सकते है।

१) अंगुठे का प्रथम पर्व बहुत ज्यादा लंबा हो तो : ऐसा जातक निरंकुश शासक, अनियंत्रित होता है। यदि ऐसे लोगो से कार्य निकलवाना हो तो हमें उनके सामने विनम्र बनना पडेगा क्योंकी ऐसे लोग खुदकी प्रशंसा सुनना ज्यादा पसंद करते है। तो उनकी प्रशंसा करने से हमारा काम आसान हो सकता है।

२) अंगुठे का प्रथम पर्व मध्यम आकार का हो तो: यहाँ मै यह बताना चाहुंगा की प्रथम पर्व ज्यादा मोटा या ज्यादा पतला न होते हुए साधारण - मध्यम आकार का हो तो जातकमें असहकार की भावना ज्यादा होती है। इस लिये ईनसे बात करते समय सावधानी बरते।

३)अंगुठे का प्रथम पर्व बहुत छोटा हो तो : ऐसे व्यक्ति दुर्बल ईच्छा शक्ति वाले होते है। जल्दी से निराश होने वाले, ईनमे निर्णयात्मक शक्ति कम होती है। इसलिये जल्दी से कीसी निर्णय पर नही आ सकते पर ऐसे व्यक्ति के सामने अपनी उर्जा या बल का प्रयोग करने से हम अपना काम आसानी से निकाल सकते है। यदी कीसीका अंगुठा छोटा हो तो हम अपनी बात पर अडे रहे तो हम उससे अपनी बात अतत: मनवा ही सकते है।

४) अंगुठे का प्रथम पर्व छोटा हो और मोटा भी हो : तो ऐसे व्यक्ति की इच्छाशक्ति दृढ होती है और यदि ज्यादा फेला हुआ भी हो तो यह मुर्खता की निशानी है। ऐसे लोगो की हा मे हा मिलाने से हमारा काम बन जाता है।

५) अंगुठे का प्रथम पर्व फैला हुआ और गोल भी हो तो : जातक हटधर्मी होता है। इसीलीये हमें शाति से काम लेना चाहिये। क्योंकी ऐसे जातक जरासी बात पर गुस्सा करने लगते है। यदि हम अपनी बातपर अडे रहे तो उसको आखिर में झुकना पडता है।

६) अंगुठा थोडासा पिछे की तरफ झुकता हो तो : व्यक्ति उदार मन वाला होता है। इनके सामने कोई दु:ख भरी कथा सुनाने से वह आपकी बात अवश्य सुनेगा, यदि आपकी आवाज में सच्चाई होगी तो वह आपको जरुर मदद करेगा।

७) अंगुठे का दुसरा पर्व मोटा और लंबा हो तो : ऐसे व्यक्ति में सामान्य ज्ञान पर्याप्त मात्रा में होता है। इनके साथ बात करते समय यह ध्यान रखें की अपनी बात संक्षिप्त में करें और इनका समय नष्ट न हो इस बात का ध्यान रखें।

८) अंगुठे का दुसरा पर्व छोटा और पतला हो तो : यदि दुसरा पर्व छोटा हो तो इसका मतलब पहला पर्व लंबा होगा जिसके कारण उसकी ईच्छाशक्ति चरमसीमा पर होगी। ऐसे लोग विवेकपूर्ण बात सुनना पसंद नही करते इस लीये सावधानी बरते।

९) उंगलीयो के बीच मे गांठ न हो तो और उंगलिया अधीक पतली हो तो : इसके साथ उंगलीका उपरका भाग नुकीला हो तो जातक के विचार रहस्यमयी होते है। वह आध्यात्मिक विषय पर बात करना ज्यादा पसंद करते है। इसलिये उनके शोख पर बात करने से अपना काम आसान होता है।

१०) उंगलीया बहुत ज्यादा नुकीली हो तो : जातक झुठ बोलनेवाला होता है। अपने व्यवहार में निरंतर परीवर्तन करने वाले होते है। ऐसे व्यक्ति के सामने अपनी बडाई का प्रदर्शन जोर शोर से करना चाहिये।

११) उंगलीया छोटी हो और नाखुन खंडीत हो तो : जातक अत्याधिक गुस्सेल होता है। खुद को श्रेष्ठ मानने वाले दुसरे को निचा दिखाने वाले होते है। ऐसे व्यक्ति से बात करते समय यह ध्यान रखना चाहिये की उनको बिचमे टोकना नही और उनको अपनी बात पूरी करने देना चाहिये।

१२) उंगलीया वर्गाकार हो तो : जातक सत्यनिष्ठ और बुध्दीमान होता है। इनके साथ बात करते समय विनम्रता से बात करनी चाहीये। अपनी बात संक्षिप्त मे बताये।

१३) चमच आकार उंगलीया : ऐसे व्यक्ति स्वतंत्रता प्रेमी होते है। इसलीये इनके सामने खराब व्यवहार की निंदा करनी चाहीये। इनको खेलकुद बहुत ज्यादा पसंद होता है। तो इनको प्रसन्न करने के लिये स्पोर्टस की बात करने से जल्दी से आपके मित्र बन जाते है और उनको घुमना भी पसंद होता है। तो जो विषय स्पर्धात्मक हो उस पर बात करने से वह खुश होते है।

१४) अत्याधिक चमचाकार उंगलीया : ऐसे व्यक्ति नास्तिक होते है। इनसे अधिक समाजवादी या तानाशाह बनकर बात करनी चाहीये। अन्यथा वह आपकी बात नही सुनेगा ।

१५) हर एक उंगलीयों में गांठ हो तो : ऐसे जातक दार्शनिक विचार वाले होते है। इसीलीये इनके सामने अपनी कीसी भी समस्या बताने में संकोच न करना, सलाह अच्छी मिलेगी।

१६) उंगलीया अधिक लंबी हो तो : इनको हर बात को लंबी कर के बताने की आदत होती है। ऐसे जातक आपका ध्यानपूर्वक निरीक्षण करने वाले होते है। इनके पास जाने से पूर्व तैयारी करके तैयार होकर जावा चाहीये क्योंकी ऐसे व्यक्ति सिर्फ ऐसे ही व्यक्तियों का सन्मान करते है।

१७) उंगलीयों पर गांठे न हो तो : ऐसे व्यक्ति जल्दी से प्रभावीत हो जाते है। आपकी अधुरी बात वह पुरी तरह समज जाते है। इनके साथ शिघ्रता से बात करनी चाहीये।

१८) अनामिका चमचाकार हो तो : जातक सुंदर वस्तुओं के चाहक होते है। प्रकृति प्रेमी और इनके सामने चित्रकारी, संगीत, शिल्पकला और साहित्य की बात करनी चाहीये।

१९) अनामिका मध्यमा जीतनी लंबी हो तो : जातक जुआरी होता है और व्यवसाय में कीसीभी तरह का जोखीम उठाने को तैयार होता है।

२०) अंगुठा ज्यादा लंबा हो तो :- यदि अंगुठा तर्जनी के तिसरे पर्व तक या उससे अधिक लंबा हो तो आपको अपनी बात मनवाने के लिये उसे समझाने की ज्यादा मेहनत करनी पडेगी, वो जल्दी से मानने वालो में से नही होते।

संकलन

जयेश वाघेला

ताजिक शास्त्र में त्रि-पताका चक्र का प्रयोजन

होरा शास्त्र के अंतर्गत भारतीय ज्योतीष के फलित में ५ विभाग आते है।

१) जातक ज्योतिष

२) ताजिक ज्योतिष

३) मुहुर्त ज्योतिष

४) प्रश्न ज्योतिष (स्वर, शुकन ज्योतिष)

